तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा



एनएच पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, एक की मौत 4




## खबर संक्षेप

### डीएफए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 9 से

**कोरबा।** जिला फुटबाल संघ के सेक्रेटरी पवन गुप्ता के द्वारा सभी फुटबॉल टीम के मैनेजर सूचना जारी किए हैं कि 9 नवंबर को डीएफए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जो की घुडदेवा फुटबॉल ग्राउंड में खेला जाएगा। जिसमें सभी टीम मैनेजर के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

### सतनामी कल्याण समिति की बैठक आज

**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति की बैठक 2 नवंबर को सतनाम प्रांगण टीपी नगर में शाम 4 बजे आयोजित की गई है। जिसमें 18 दिसंबर को तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाए जाने पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा साथ ही मुख्य अतिथि बनाए जाने का निर्णय बैठक में लिया जाएगा और सहयोग राशि हेतु रसीद बुक छपवाने की भी चर्चा की जाएगी। बैठक में समाज के जिला महंत, राज महंत, समाज के संरक्षक सदस्य, आजीवन सदस्य साधारण सदस्य एवं समाज लोग होकर बैठक को सफल बनाएं। उक्त जानकारी समाज के जिला सचिव आरडी भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

### सीबीएसई ने जारी की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा की अंतिम डेटशीट

**कोरबा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की अंतिम डेटशीट जारी कर दी है। दोनों परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी। इस बार सीबीएसई ने पहली बार परीक्षा शुरू होने से 110 दिन पहले ही डेटशीट जारी कर दी है, जिससे छात्रों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। बोर्ड का कहना है कि इससे विद्यार्थी अपनी पढ़ाई की बेहतर योजना बना सकेंगे और विषयवार रणनीति तैयार कर पाएंगे। छात्र और अभिभावक सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट जाकर कक्षा 10वीं और 12वीं की पूरी डेटशीट डाउनलोड कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार परीक्षाएं हर साल की तरह दो पाली में आयोजित की जाएंगी और बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सीबीएसई की ओर से जल्द ही प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीखें और एडमिट कार्ड जारी होने की जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### कृषि महाविद्यालय में मनाया गया एकता दिवस

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा में स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का ओजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एसएस पोर्ते अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ एसपी सिंह प्रमुख वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ रोशन भारद्वाज कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एकता दिवस के रूप रेखा के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ वीएन गौतम सहायक प्राध्यापक के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के लौह पुरुष होने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ डीके कौशिक, डॉ एसपी सिंह, डॉ पोर्ते अधिष्ठाता ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान वालेंटियर एवं अधिकारी कर्मचारी को एकता दिवस एवं सतर्कता पर शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूजा श्रीवास और उनके साथियों के द्वारा बनाए गए रंगोली की सभी ने प्रशंसा की। डॉ आकांक्षा पांडे के द्वारा छात्रों से सरदार एट 150 के तहत ऑनलाइन क्विज, निबंध एवं रील में सभी छात्रों को शामिल किया गया। सुलोचना भुईयां एसएमएस द्वारा सभी स्वयंसेवकों से एकता दिवस पर स्लोगन लिखवाया गया।

# धान खरीदी के पहले बदले गए सहकारी समितियों के डाटा एंट्री ऑपरेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में 15 नवंबर से शुरु होने वाली धान खरीदी के पूर्व सभी सहकारी समितियों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बदल दिया गया है। इसी कड़ी में अब फड़ प्रभारियों के भी बदलने की तैयारी चल रही है। जिला प्रशासन के द्वारा धान खरीदी के दौरान किसी तरह की भी होने वाली गड़बड़ी को रोकने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

धान खरीदी को महज दो सप्ताह बचे हैं और अब उसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन ने अपने स्तर पर कुछ बदलाव भी किया है। बदलाव की इस कड़ी में सबसे पहले एक झटके में ही सहकारी समितियों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बदल दिया गया ताकि बीते वर्ष की तरह जिले में धान खरीदी बिना किसी गड़बड़ी और व्यवधान के संपन्न हो सके।

## फड़ प्रभारी बदलने की भी हो रही है तैयारी

**खास बातें**

- खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए प्रशासन उठा रहा है कदम
- खरीदी के पूर्व प्रशासन ने किया बदलाव



### 19 नई समितियों से मिलेगा किसानों को लाभ

19 नई समितियां बनाए जाने से किसानों को इसका लाभ मिलोग। इसके पूर्व यह सभी समितियां महज उपार्जन केंद्र की तर्ज पर काम कर रही थी अब इनका अलग से पंजीयन किया गया है और इनका संचालक मंडल भी बनाया जा रहा है। इनका अलग प्रबंधक होगा। डाटा एंट्री आपरेटर की पोस्टिंग होगी। आने वाले दिनों में यह सभी 19 सहकारी समितियां स्वंतत्र होकर काम करेंगी। पूर्व में यह अपनी समीप की समितियों के अधीन रहकर एक छोटे उपार्जन केंद्र के रुप में काम किया करती थी।

प्रशासन की यह कार्यवाही यही नहीं रुकी है उसका अगला कदम अब फड़ प्रभारियों को बदलने की भी चल रही है। जिसे लेकर बीते गुरुवार को धान खरीदी की समीक्षा के लिए बैठक भी आहूत की गई थी। हालांकि इस बैठक में प्रदेश महासंघ के आहवान पर समिति प्रबंधक शामिल नहीं हुए और उसके बाद डाटा एंट्री ऑपरेटरों को बदलने की गई। हालांकि अभी फड़ प्रभारी नहीं बदले गए हैं लेकिन उनका बदलना तय माना जा रहा है। जल्द ही आने वाले दिनों में फड़ प्रभारियों के बदलने की दिशा में निर्णय लिया जा सकेगा।

## विस्तार को लेकर अन्य नगरीय निकायों में नहीं हुए काम

# आईसीडीएस शहर के 15 स्थानों में ही शुरु कर सका पालना घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला बाल विकास विभाग (आईसीडीएस) शहर के 15 स्थानों में ही पालना घर शुरु कर सका है। अन्य नगरीय निकायों में विस्तार योजना के तहत कोई कार्य नहीं हुए।

**खास बात**

- कामकाजी परिवार के बच्चों के लिए शुरू हुई है योजना

शहर में शुरु हुए पालना घर केवल कलेक्ट्रेट के जिला मुख्यालय में ही नजर आता है। शेष 15 स्थान के संबंध में सूची भी सार्वजनिक नहीं की गई।

कामकाजी परिवार के बच्चों के लिए पालना घर की शुरुआत पिछले वर्ष हुई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह था कि जिन परिवार के माता पिता कामकाजी होते हैं उनके छोटे बच्चों को भोजन के साथ उनकी देखरेख किया जा सके। जिले के औद्योगिक शहर कोरबा में स्लम बस्तियों के अधिकांश परिवार में महिला पुरुष कामकाजी होते हैं ऐसे परिवा के बच्चों के लिए यह पालना घर प्रमुख भूमिका निभाता है। इसी के मद्देनजर नगर निगम अंतर्गत 15 स्थानों में महिला बाल विकास विभाग ने इस पालना घर की शुरुआत की है। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की तरह भर्ती भी की गई। रिकार्ड में पालना घर चल रहे हैं लेकिन नजर आता है केवल कलेक्ट्रेट परिसर में ही। महिला बाल विकास विभाग में जिला पंचायत के सामने बने शासकीय वाहनों के चालकों के लिए बने भवन में पालना घर की शुरुआत की गई है। जिसमें कामकाजी परिवार के बच्चे नजर आते हैं। अन्य वार्डों में जहां विभाग के द्वारा पालना घर चलाए जा रहे हैं इसकी जानकारी विभाग में भी सार्वजनिक नहीं की गई है। जिससे यह पता किया जा सके कि शहर के किस स्लम बस्ती में पालना घर चल रहे हैं।




फाइल फोटो

### दीपका नगर पालिका है औद्योगिक क्षेत्र

कोरबा शहर के अलावा दूसरा सबसे बड़ा औद्योगिक परिक्षेत्र दीपका नगर पालिका परिषद का आता है। कटघोरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले इस नगर पालिका क्षेत्र में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्र महिला बाल विकास विभाग के कटघोरा परियोजना अंतर्गत संचालित है और एसईसीएल की खदान प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से जहां भी भूविस्थापित परिवार के महिला पुरुष दोनों कामकाजी हैं उनकी सुविधा के लिए विभाग के द्वारा पालना घर की शुरुआत नहीं की गई। जबकि अधिकांश श्रमिक परिवार एसईसीएल प्रभावित भूविस्थापित पुर्नवास गांव में निवास करता है वहां भी पालना घर नहीं बने। आंगनबाड़ी केंद्र के भरोसे ही श्रमिक परिवार के बच्चे शासन की सुविधाएं ले रहे हैं।

# चिकनीपाली पीएचसी में प्रसव के लिए तड़पती रही महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला ब्लॉक के वनांचल ग्राम चिकनीपाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव के लिए पहुंची गर्भवती महिला व उसके परिजनों को उस वक्त निराशा हाथ लगी जब अस्पताल

**खास बातें**

- सुबह ढोढ़ातराई की एएनएम ने कराया सफल प्रसव
- चिकित्सक व नर्स चौकीदेर के भरोसे छोड़ जाते हैं अस्पताल

में चिकित्सक व नर्स नदारद मिले। केवल चौकीदार ही मौके पर मौजूद था, जिसके द्वारा चिकित्सक व नर्स से फोन से संपर्क किया गया, पर सफलता हाथ नहीं लगी। महिला की प्रसव पीड़ा को देखते हुए आखिरकार परिजनों ने करताल बीएमओ से चर्चा की, जिसके बाद बीएमओ ने देर रात 2 बजे ढोढ़ातराई से एएनएम को भेजा, जिसके द्वारा सुबह लगभग 6 बजे महिला का सफल प्रसव कराया गया, फिलहाल जच्च एवं बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं।

कहने को तो चिकनीपाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है, पर यह खबर ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सेवा दे रहे अधिकांश चिकित्सक व नर्स अपने कार्यस्थल पर निवास नहीं करते हैं। शहर से ही आवागमन कर नौकरी की औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। यही वजह है कि रात में जब मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचते हैं तो उन्हें निराशा हाथ लगती है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार की देर रात सामने आया। वनांचल ग्राम चिकनीपाली में कहने के लिए चौबीस घंटा प्रसव की सुविधा और आपातकालीन सेवा है, लेकिन यह केवल कागजों और पोस्टरों तक ही सीमित है। शुक्रवार की देर रात 9-10 बजे दरमियान चिकनीपाली निवासी भोला साहू के बहू को प्रसव पीड़ा शुरू हो गया, जिसके बाद परिजन प्रसव के लिए चिकनीपाली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। इस दौरान अस्पताल में केवल चौकीदार ही उपस्थित था। महिला की प्रसव पीड़ा को देखते हुए परिजनों और चौकीदार द्वारा नर्सों एवं चिकित्स को फोन लगाया गया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। आखिरकार बीएमओ करतला से बात होने पर उनके द्वारा ढ़ोढ़ातराई के एनएम को देर रात लगभग दो बजे चिकनीपाली अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद एएनएम द्वारा सुबह लगभग 6 बजे महिला का सफल प्रसव करवाया गया, फिलहाल जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी अस्पतालों में खासकर रात के समय में क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक आपातकालीन सुविधा का नहीं मिल पाना शासन प्रशासन की लाचारी और जिम्मेदार लोगों की उदासीनता और कर्तव्य विहीन कार्यशैली को प्रमाणित कर रहा है।




फाइल फोटो

# नुकसान में चल रही भूमिगत खदानों पर मंडराया बंदी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल आगामी समय में जिले की ऐसी अंडरग्राउंड कोल माइंस को बंद कर सकता है, जिससे फायदा नहीं बल्कि नुकसान हो रहा है। इसे नीतिगत मामला बताया गया है। एसईसीएल के साथ कोल इंडिया की अनय अनुषंगी कंपनियों में इस पर काम किया जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो कोयला मंत्रालय ने 147 खदानों को बंद करने की योजना बनाई है। इसके लिए मसौदा तैयार करने मंत्रालय ने 27 अक्टूबर को गाइडलाइन जारी की है। मंत्रालय ने हितधारकों से 30 दिवस के भीतर भूतिगत कोयला खदानां को बंद करने के लिए जारी गाइडलाइन के अनुरूप मसौदा आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा 150 ऐसी खदानों की भी समीक्षा की जा रही है, जो वर्तमान में लाभहीन बताई जा रही है। लाभहीन खदानों को भी बंद किया जा सकता है। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अधिकृत कार्यालय ज्ञापन में खदान बंद करने के दिशा-निर्देशों का उद्देश्य वैज्ञानिक तरीके से खदान बंद करना और खनन स्थलों का पुनर्वास सुनिश्चित करना, पर्यावरणीय क्षरण को न्यूनतम करना, जन स्वास्थ्य की सुरक्षा करना तथा भूमि को भविष्य में उपयोग के लिए उपयुक्त स्थिति में लाकर या उसे लगभग प्राकृतिक स्थिति में या उससे भी बेहतर स्थिति में वापस लाकर सतत विकास को बढ़ावा देना है। जिले में एसईसीएल पूर्व में भी ऐसी कुछ खदानों को बंद कर चुका है, जहां से उत्पादन न के बराबर था। वहां के मेनपावर में भी छंटनी की गई है।

# मासूम के सीने में फंसा सिक्का, उपचार के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 8 साल के मासूम के सीने में सिक्का फंसने से उसकी मौत हो गई। शिवम सारथी ने सिक्का कब

**खास बातें**

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक्सरे रिपोर्ट में सिक्का फंसने की हुई थी पुष्टि
- पोस्टमार्टम केदौरान मासूम के सीने में नहीं मिला सिक्का, मौत के कारणों की हो रही जांच

और कैसे निगला इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं थी। जब तबीयत बिगड़ी तब वे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां एक्स-रे रिपोर्ट में सिक्के के फंसने की पुष्टि हुई। परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने बच्चे की हालत गंभीर बताई और कहा कि इसकी दवा नहीं है, यहां इलाज नहीं हो सकता। जिसके बाद परिजन बच्चे को निजी अस्पताल ले जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में मासूम शिवम सारथी ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक शिवम के पिता मदन सारथी ने बताया कि वे मूलतः रायगढ़ जिले के धर्मजयगढ़ के रहने वाले हैं। कुछ दिनों पहले वे अपने बेटे शिवम के कंधे की चोट का इलाज कराने शहर के एक निजी अस्पताल आए थे। इलाज के बाद वे अपने रिश्तेदार के यहां जिले के गोढ़ी गांव में रुके हुए थे। शुक्रवार की रात अचानक शिवम की तबीयत बिगड़ने लगी। उसके हाथ-पैर ठंडे पड़ने लगे और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजन उसे तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने एक्स-रे रिपोर्ट ⏭ शेष पेज 3 पर



मृत मासूम के परिजन।



मृतक शिवम।



एक्सरे रिपोर्ट।

### सिक्का कब निगला, किसी को नहीं पता

शिवम के पिता का कहना है कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि उसने सिक्का कब, कैसे और किन परिस्थितियों में निगला था। जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने के बाद ही उन्हें इस बात का पता चला। समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण उसने दम तोड़ दिया।

### पोस्टमॉर्टम में नहीं मिला सिक्का, जांच जारी

जिला अस्पताल चौकी प्रभारी ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की बात कही है। वहीं जिला मेडिकल अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है, जिसके बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं दूसरी ओर जिला मेडिकल कॉलेज के सह अधीक्षक रविकांत जाटवर ने बताया कि रात 12 बजे एक्सीडेंटल मामला सामने आया था। जहां सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। बच्चे की हालत गंभीर थी। इलाज किया जा रहा था। एक्स-रे में सिक्का नुमा चीज दिख रही है, लेकिन पोस्टमॉर्टम के दौरान कोई सिक्का नहीं मिला है। आखिर मौत कैसे हुई है इसकी जांच की जा रही है।

## अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने कोल इंडिया के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा

# सेल की तरह ही कोयला कर्मियों को मिले ग्रेच्युटी की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने कोल इंडिया के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंप कर ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा में वृद्धि करने की मांग की है. कोल इंडिया सीएमडी को सौंपे गए ज्ञापन में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने जानकारी दी है कि भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा एक अक्तूबर 2025 से सेल कंपनी में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं गैर अधिकारी नियमित कर्मचारियोंकी ग्रेच्यूटी राशि 20 लाख से बढ़ा कर 25 लाख रुपए करने का आदेश पत्र जारी किया गया है।

ज्ञापन में कहा गया कि कोल इंडिया लिमिटेड भी भारत सरकार का ही सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। ऐसे में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की मांग है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की तर्ज पर कोल इंडिया लिमिटेड भी अपनी सभी अनुषंगी कंपनियों एसईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, डब्ल्यूसीएल, एनसीएल सहित अन्य कंपनियों में कार्यरत नियमित कर्मचारियों की ग्रेच्युटी राशि 20 लाख से बढ़ा कर 25 लाख रुपए करने का आदेश पत्र शीघ्र जारी करें। इससे कोल कर्मचारियों के बीच प्रबंधन की साख बढ़ेगी और कर्मचारी भी कंपनी के विकास के लिए जी जान लगा कर काम करेंगे। संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा है कि कोल इंडिया प्रबंधन को मजदूरों के हित में इसे तुरंत लागू करना चाहिए। भारतीय मजदूर संघ से जुड़े पदाधिकारियों केके सिंह, माधव सिंह, उमेश सिंह, मुरारी तांती, भौमिक महतो, अयोध्या मिश्रा ने मांग का पूर्ण रूप समर्थन करते हुए अविलंब कोल इंडिया में ग्रेच्युटी राशि 20 लाख से 25 लाख रुपए करने का आदेश पत्र जारी करने की मांग की है।




# दो झुंडों में बंटे गजराजों ने ग्राम तनेरा व हरदेवा में मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में 42 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों का झुंड पहले एक साथ चल रहा था, लेकिन अब वह दो अलग अलग झुंडों में बंट गया हैं। एक झुंड में 15 तथा दूसरे में 27 हाथी शामिल है। 15 की संख्या वाला झुंड ग्राम तनेरा पहुंच गया है, जबकि 27 हाथियों का झुंड अभी भी सेमरहा बीट के हरदेवा जंगल में डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के झुंड ने दोनों ही स्थानों पर उत्पात मचाते हुए दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के फसल को नुकसान पहुंचाया है।

हाथियों के द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाए जाने से जहां ग्रामीण परेशान हैं, वहीं वन अमला भी चिंतित है। ग्रामीणों को अपने फसल को बचाने के लिए हाथियों से जूझना पड़ रहा है, तो वन विभाग इसे रोकने के लिए लगातार प्रयास में लगा हुआ है, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही है और हाथियों द्वारा क्षेत्र में लगातार उत्पात मचाए जाने के साथ ही फसल रौंदने का सिलसिला जारी है। हाथियों के डर से कई ग्रामीण अपने धान की फसल को पूरी तरह पककर तैयार होने से पहले ही काट रहे हैं और अपने खलियानों में लाने को मजबूर हैं। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में हाथियों ने फिर से दस्तक दे दी है। हाथियों के झुंड ने यहां फसल रौंदने के बाद अपना लोकेशन बदल दिया है, जिससे पता लगाने में वन अमला जुटा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### प्रेमी के साथ भाग गई पत्नी, पति ने जहर खाकर की आत्महत्या

**अंबिकापुर।** पत्नी के प्रेमी के साथ भाग जाने से दुखी अधेड़ उम्र के व्यक्ति ने जहर खाकर आत्म हत्या कर ली। जहर खाने से गंभीर व्यक्ति को उपचार के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना अंतर्गत डिगमा निवासी 55 वर्षीय कृष्णा दास आ. स्व. नागेन्द्र दास ने पहली पत्नी शिखा दास की मौत के बाद लगभग 18 साल पहले दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी अनीता दास से एक 17 साल की पुत्री थी जबकि पहली पत्नी से एक पुत्र उत्तम दास है। मृतक के पुत्र उत्तम दास के अनुसार कृष्णा दास की पत्नी का जोड़ा पीपल के समीप रहने वाले मोनू से प्रेम प्रसंग था और दोनों साथ में घूमना फिरना करते थे। इस दौरान मोनू ने अनीता दास को एक मोबाइल फोन भी खरीदकर दिया था जिससे दोनों आपस में बातचीत करते थे। इस बात की जानकारी कृष्णा दास को थी जिस पर उसने पत्नी को समझाया था। इसके साथ ही गांव में बुजुर्गों ने बैठक पर महिला और मोनू को समझाइश दी थी कि वे एक दूसरे से मिलना जुलना नहीं करेंगे और बातचीत भी नहीं करेंगे लेकिन समझाइश के बाद भी उनका मिलना जुलना और घूमना-फिरना जारी था, जिससे कृष्णा दास काफी परेशान था। 30 अक्टूबर की रात 10.30 बजे कृष्णा दास और अनिता के बीच मोनू यादव से बात करने और मिलने जुलने को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद महिला घर से भाग गई। 31 अक्टूबर को कृष्णा दास अपनी पत्नी को खोजने के नाम पर घर से निकला था और रात को 11 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा। इस दौरान कृष्णा दास ने अपने बेटे उत्तम को बताया कि उसने जहर पी लिया है और जीना नहीं चाहता है।

### चोरों ने अस्पताल परिसर एवं घर के सामने से पार की बाइक

**अम्बिकापर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर एवं ग्राम सुन्दरपुर स्थित एक घर सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम असोला निवासी बृजलाल आ. दुर्बल पैकरा (36 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके 6337 से आया था। युवक बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर वार्ड में भर्ती भाई को खाना पहुंचाने चला गया। भोजन पहुंचाने के बाद घर जाने के लिए बाइक लेने पार्किंग में गया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम सुन्दरपुर चिटकीपारा निवासी गुड्डू बेक आ. बाबूलाल बेक (35 वर्ष) 30 अक्टूबर की शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 3882 को घर के आंगन में खड़ा किया था। रात लगभग 8.30 बजे बाइक को घर के अंदर करने के लिए बाहर निकला तो देखा बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की गई जान

**प्रतापपुर।** अस्पताल में मरीज को खाना पहुंचा कर घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मायापुर निवासी रामप्रसाद व शुस कुमार बाइक क्रमांक सीजी 15 डीटी 5539 से प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती मरीज को भोजन पहुंचाने गए थे। भोजन पहुंचाने के बाद दोनों बाइक से घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार अमनदोन सरईदोहर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा चंदौरा की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी जेके 01 एएस 3323 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायलों को प्रतापपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने राम प्रसाद को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल शुस कुमार का उपचार जारी है।

### प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिर्रा ।** चखना सेंटर संचालक व अन्य पर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी को बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर की दोपहर करीबन 3 बजे बिर्रा देशी मदिरा दुकान के पास चखना सेंटर में विक्रम चंद्रा अपने दोस्तो के साथ बैठकर शराब पी रहा था। विक्रम के एक साथी ने वही पर उल्टी कर दी। इसे देखकर चखना सेंटर संचालक अमन साहू के द्वारा दूर जाने की बात कही गई। इस पर बिक्रम तैश में आ गया और गाली गलौज करते हुए हत्या करने की नियत से कांच के बीयर को तोड़कर उस पर हमला कर दिया। इस बीच राजेन्द्र प्रसाद और लोचन प्रसाद भारद्वाज के द्वारा बीच बचाव किए जाने पर धारदार कांच के बीयर बाटल से उन पर भी हमला किया गया। इससे राजेन्द्र प्रसाद के दाहिना हाथ के कलाई व सिर में तथा लोचन प्रसाद भारद्वाज को गले में गंभीर चोट आई।

## पीएम आवास के हितग्राहियों को आवास की मिली चाबी

# जिले के 16 हजार से अधिक पीएम आवास के हितग्राहियों का गृहप्रवेश


हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी सौंपती जनपद अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लंबे समय से अपने आवास की बाटजोह रहे पीएम आवास योजना के 16 हजार से अधिक हितग्राहियों के गृहप्रवेश का सिलसिला शनिवार को राज्य की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाए जा रहे राज्योत्सव से शुरु हो गया है। सभी जनपद मुख्यालयों में उनके आवास की चाबी सौंपी गई। मुख्य कार्यक्रम रविवार को घंटाघर ओपन थिएटर में आयोजित किया जाएगा। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन हितग्राहियों को चाबी सौंपेंगे।

**खास बात**
- सभी जनपद मुख्यालयों में राज्योत्सव के अवसर पर हुआ कार्यक्रम

पीएम आवास का निर्माण बीते दो वर्षों में तेजी से हुआ है। अधूरे पड़े आवासों को सबसे पहले पूरा करने का कार्य राज्य शासन से मिली हुई धनराशि से शुरु किया गया और उसके बाद नए आवास की स्वीकृति मिलते ही हितग्राहियों को दो किश्त में निर्माण की राशि का वितरण किया गया। दो साल के दौरान 16 हजार 480 आवास बनकर तैयार हो गए हैं। इन हितग्राहियों को उनके आवास की चाबी मिलने का इंतजार बना हुआ था। 1 नवंबर राज्योत्सव पर इसकी शुरुआत जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में की गई। इस संबंध में पीएम आवास के जिला समन्वयक आशीष चंद्राकर ने बताया कि सभी हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराने का सिलसिला 1 नवंबर से शुरु किया गया है। सभी जनपद मुख्यालय में जनपद सीईओ के द्वारा हितग्राहियों को चाबी सौंपी गई है। इसके अलावा जनपद कर्मचारियों के अलावा गांव में जाकर हितग्राहियों को चाबी सौंपने का काम किया गया है राज्योत्सव तक सभी हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराने की तैयारी की जा रही है।

### करतला जनपद के हितग्राहियों को मिली आवास की चाबी

करतला ब्लाक में स्थापना दिवस एवं तुलसी विवाह के अवसर पर 3409 प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों को जनपद अध्यक्ष ने चाबी सौंपी। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैभव कौशिक ने कहा कि करतला जनपद अंतर्गत जितने भी पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं वे सभी का काम पूर्णतः की ओर चल रहा है। राज्योत्सव के अवसर पर जनपद के अंतर्गत 3409 आवास पूर्ण हो चुके हैं उनके हितग्राहियों को चाबी सौंपने का काम शुरु हो गया है। जनपद के अंतर्गत पूर्ण रुप से बने पीएम आवास में हितग्राहियों का गृह प्रवेश भी कराया जा रहा है। कार्यक्रम में श्रीमती अशोका बाई कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, श्रीमती निरूपमा पाटले जनपद सदस्य, श्रीमती कृष्णो महाजन कंवर जनपद सदस्य, श्रीमती सुषमा कंवर सरपंच ग्राम पंचायत तुमान, श्रीमती सुधा कंवर सरपंच ग्राम पंचायत लिमहीह, ललिता कंवर सचिव ग्राम पंचायत लिमहीह, रोजगार सहायक मनमोहन मंझवार, रोजगार सहायक कुल सिंह कंवर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के 3 सौ से अधिक परिवारों के घर हुए सौर ऊर्जा से रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस और देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर जिले के दूरस्थ अंचलों में विकास की नई किरण पहुँची है। ग्रामीण अंचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के घर अब सौर ऊर्जा से जगमगा उठे हैं।

कलेक्टर अजीत वसंत का कहना है कि प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। सौर ऊर्जा से रोशन हुए ये घर केवल बिजली के नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता,सम्मान और नई शुरुआत के प्रतीक हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जन जाति के पूर्ण हुए 330 आवासों में अभी सौर पैनल लगा कर सौर ऊर्जा से बिजली पहुंचाई जा रही है। शेष पीवीटीजी आवास पूर्ण होने पर उनमें भी सौर ऊर्जा से बिजली सुविधा दी जाएगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना,डीएमएफ मद के द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर विद्युत योजना के अभिसरण मॉडल के रूप में यह कार्य न केवल ऊर्जा उपलब्धता का समाधान है, बल्कि एक सशक्त और सतत विकास की दिशा में ठोस कदम भी है। इन योजनाओं के अंतर्गत पहाड़ी कोरवा परिवारों को स्थायी आवास के साथ सौर ऊर्जा संयंत्र भी प्रदान किए गए हैं, जिससे उन्हें 24 घंटे स्वच्छ और निःशुल्क बिजली मिल सकेगी। इन घरों में अब बच्चे रात में पढ़ पा रहे हैं और परिवारों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सौर ऊर्जा की सुविधा मिलने से अब पीवीटीजी परिवारों को बिजली बिल से मुक्ति मिल गई है।


घर पर लगा सोलर पैनल।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन घंटाघर ओपन आडिटोरियम परिसर में 2 से 4 नवंबर तक किया जा रहा है। राज्योत्सव का शुभारंभ 2 नवंबर को शाम 7 बजे वाणिज्य श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल और पार्षद पंकज देवांगन उपस्थित रहेंगे। राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। राज्योत्सव में प्रतिदिन स्थानीय कलाकारों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सायं 4 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में 2 नवंबर को शाम 7 बजे से जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी, 3 नवंबर को लोक गायिक श्रीमती अलका चंद्राकर अपनी प्रस्तुति देंगी। 4 नवंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें अरूण जैमिनी, हास्य कवि चिराग जैन, कवि शशिकांत यादव, श्रद्धा शौर्य, देवेन्द्र परिहार, हीरामणी वैष्णव शामिल होंगे। तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की कलाकारों द्वारा देशभक्ति छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन की प्रस्तुति भी दी जाएगी। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी में विकास की झलक नजर आएगी। छत्तीसगढ़ी व्यंजन एवं सेल्फी जोन समारोह के आकर्षण के मुख्य केंद्र रहेंगे।

**खास बात**
- उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन होंगे मुख्य अतिथि

### भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में मनाया गया स्थापना दिवस



छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में उत्साहपूर्वक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ राज्य गीत से हुई, जिसके पश्चात प्राचार्य शलभ पीटर द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और विकास यात्रा पर आधारित नृत्य, गीत, भाषण और नाटक प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ के लोकगीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी संस्कृति, मेहनतकश जनता और एकता में बसती है। अंत में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किया गया।

# छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी संगठन ने मनाया राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना दिवस 1 नवम्बर को राज्योत्सव के रुप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी-अधिकारी संगठन के द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य कर्मा जिसमें 50 महिलाओं की टीम द्वारा रैली रेलवे स्टेशन परिसर में निकालकर राज्योत्सव का आनन्द लिया गया। इस अवसर पर रेलवे में कार्यरत देश के विभिन्न राज्यों के कर्मचारी एवं शहर के नागरिक भी शामिल होकर इस महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किये। छत्तीसगढ़िया रेलवे कर्मचारी-अधिकारी संगठन के द्वारा इस तरह के सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे भी और हर्षोल्लास के साथ मनाने की बात बताई गई तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकनृत्य,लोकगीत और त्यौहारों को आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाने का दायित्व भी लिया। कार्यक्रम के माध्यम राज्य के समस्त निवासियों को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना दिवस की बधाई दिया गया।

**खास बात**
- रैली निकालकर दिया संदेश



रैली निकालते अधिकारी कर्मचारी संगटन के सदस्य।

# कलेक्टोरेट सहित शासकीय व निजी संस्थानों में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस


शपथ लेते अधिकारी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में संयुक्त कलेक्टर ओंकार यादव ने जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करने की शपथ दिलाई। सभी ने अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सत्यनिष्ठा से अपना योगदान करने का भी संकल्प लिया। इसी प्रकार जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। देश को सत्यनिष्ठा से अपना योगदान करने का भी संकल्प लिया गया।

### सीएमएचओ कार्यालय में लिया गया राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी के द्वारा कार्यालयीन सभाकक्ष में भारतीय राष्ट्रीय एकता दिवस पर अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और देश की आंतरिक सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी। सीएमएचओ डॉ.एसएन केशरी ने बताया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महान व्यक्तित्व वाले सरदार बल्लभ भाई पटेल को समर्पित है जिसने बिखरे रियासतों के भारत को एक सूत्र में पिरोया। वे भारत के लौह पुरूष के रूप में उस एकता के प्रतीक बने जिसने आधुनिक भारत की नीव रखी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि हम सभी को राष्ट्र की एकता को मजबूत करने और देश के नागरिकों के बीच एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रहना चाहिए।

### दर्री में मनाई गई लौह पुरुष की जयंती




**कोरबा।** भाजपा जिला द्वारा देश के प्रथम गृह मंत्री एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती के अवसर पर दर्री में जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व प्रदेश मंत्री सुश्री ऋतु चौरसिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लाम्बा की उपस्थिति में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं सद्भावना दौड़ लगा करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मंडल में पधारे सभी अतिथियों का मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे एवं मंडल के सभी पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रदेश मंत्री ऋतु चौरसिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लाम्बा, जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष नवदीप नंदा, उपाध्यक्ष रूक्मणी नायर, उपाध्यक्ष मंजू सिंह, महामंत्री एवं पूर्व पार्षद संजय कुर्मवंशी, नवीन अरोरा, शैलेन्द्र यादव, अर्जुन गुप्ता, बीएमएस एनटीपीसी कोरबा के अध्यक्ष सुरेंद्र राठौर, महासचिव महेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष एसके मंडल, मंडल उपाध्यक्ष होम लाल भारिया, अनजय अग्रवाल, किशोर साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एसईसीएल में रन फार यूनिटी का आयोजन



एसईसीएल मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फार यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। यह आयोजन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के संकल्प को सशक्त करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार, श्रद्धा महिला मंडल उपाध्यक्षा श्रीमती इप्सिता दास व अन्य सदस्याओं, विभीन्न विभागाध्यक्षों, अधिकारियों-कर्मचारियों, श्रम संघ पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों की उपस्थिति में वसंत विहार खेल मैदान में दौड़ का फ्लैग-ऑफ किया। फ्लैग-ऑफ के साथ ही दौड़ का शुभारंभ हुआ, जो ऊर्जा, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में एसईसीएल नेहरू शताब्दी नगर स्थित रोज गार्डन में संपन्न हुआ । यह दौड़ भारत सरकार के फिट इंडिया फ़रीडम रन अभियान का भी हिस्सा रही। इस दौड़ में एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारी, डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### ड्रीम इंडिया स्कूल में मनाया गया छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस



छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना, इतिहास, संस्कृति और गौरव के बारे में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। स्कूल में फैंसी ड्रेस, छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाकर लाए थे, जो छत्तीसगढ़ी परंपरा को दर्शा रहा था। बच्चों ने किसान और छत्तीसगढ़ महतारी के रूप में सुंदर साज सज्जा की थी तथा उनकी पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्ध परंपरा का सम्मान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर जय जोहार छत्तीसगढ़ के नारों से गूंज उठा। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की एकता, भाषा और संस्कृति पर आधारित प्रेरणादायक भाषण दिए, जिनमें राज्य की महानता और भविष्य के निर्माण का संदेश निहित था। कार्यक्रम के अंत में पूजा-पाठ और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के प्राचार्य मिनाक्षी जायसवाल, प्रभारी प्राचार्या सुनीता केवट, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुमित सक्सेना सहित अन्य शिक्षिका व छात्राएं उपस्थित थे।

### सुमी नर्सरी विद्यालय में मनाया गया राज्योत्सव

सुमी नर्सरी विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रेयांश थवाईत द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस बधाई द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी नृत्य और गीतो सहित सांस्कृतिक गतिविधियो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। प्रिंस साहू और भूमिका सिंह ने छत्तीसगढ़ी भाषा में छत्तीसगढ़ का परिचय दिया। हिंदी शिक्षिका ने विभिन्न फलों और सब्जियों के छत्तीसगढ़ी नाम से सबको अवगत कराया।



### उपभोक्ता आयोग में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कार्यालय में सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह में 10.30 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिसमें जिला आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सदस्य पंकज कुमार देवड़ा एवं कर्मचारीगण रामनारायण पटेल, मनीराम श्रीवास, राजेष्वर राव इंगले, संजय कुमार शर्मा, नूतन कुमार राजपूत, आरती श्रीवास,दुर्गा चौबे,आनंद ठाकुर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### वृंदावन में आयोजित होगा 151 पोथी श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ

**कोरबा।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीला भूमि वृंदावन इस वर्ष एक ऐतिहासिक और अलौकिक धार्मिक आयोजन का केंद्र बनने जा रही है। यहां 151 पोथी श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ श्रीहित ललित नागरच महाराज के सान्निध्य में होने जा रहा है। यह आयोजन केवल कथा न होकर भक्ति, प्रेम और धर्म का एक अद्वितीय संगम बनने वाला है। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में भक्त, संत-महात्मा, कीर्तन मंडलियां और भागवत प्रेमी वृंदावन पहुंचेंगे। वहीं जिले से भी श्रीहित सहचारी सेवा समिति, कोरबा की 27 सदस्यीय भक्त टोली, निरु राय के नेतृत्व में 29 दिसंबर को कोरबा से वृंदावन के लिए रवाना होगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह उनके जीवन का सबसे पवित्र अवसर है कि वे महाराज श्री के सान्निध्य में इस दिव्य कथा में भाग लेने जा रहे हैं। श्रीहित ललित नागरच महाराज का कहना है श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन का मार्गदर्शक है, जो हमें धर्म, सत्य और प्रेम के पथ पर चलना सिखाता है।

### वृंदावन के महायज्ञ में शामिल होंगे श्रीहित सहचारी सेवा समिति



**कोरबा।** भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीला भूमि वृंदावन इस वर्ष एक ऐतिहासिक और अलौकिक धार्मिक आयोजन का केंद्र बनने जा रही है। यहाँ 151 पोथी श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ श्रीहित ललित नागरच महाराज जी के दिव्य सान्निध्य में होने जा रहा है। यह आयोजन केवल कथा न होकर भक्ति, प्रेम और धर्म का एक अद्वितीय संगम बनने वाला है। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में भक्त, संत-महात्मा, कीर्तन मंडलियाँ और भागवत प्रेमी वृंदावन पहुंचेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से भी श्रीहित सहचारी सेवा समिति, कोरबा की 27 सदस्यीय भक्त टोली, निरु राय के नेतृत्व में 29 दिसंबर को से वृंदावन के लिए रवाना होगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह उनके जीवन का सबसे पवित्र अवसर है कि वे महाराज श्री के सान्निध्य में इस दिव्य कथा में भाग लेने जा रहे हैं। कथा महायज्ञ का शुभारंभ 31 दिसंबर को शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। यह शोभायात्रा प्रियावल्लभ जी मंदिर से प्रारंभ होकर फोगला आश्रम तक जाएगी, जहाँ कथा का मुख्य मंच सजाया जाएगा। भक्ति संगीत, संकीर्तन, पुष्पवर्षा और संत-महात्माओं की उपस्थिति से पूरा वृंदावन श्रीकृष्णमय हो उठेगा।

### सिपेट में त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** स्याहीमुड़ी स्थित सिपेट में 30 अक्टूबर को एचटीपीएस, कोरबा द्वारा प्रायोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीण श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता, एचटीपीएस, अतिथि के रूप में पीके स्वाइन अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ओ एंड एम), एमके गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (टीएसएस), सुधीर पहुंया, प्रोजेक्ट मैनेजर एवं एसके पाठक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सिविल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों को सिपेट, कोरबा के अधिकारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यकम एचटीपीएस, कोरबा द्वारा अंडर कॉर्पोरेट एनवायरनमेंट रिस्पांसिबिलिटी (सीईआर) गतिविधियों के अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों के छात्र-छात्राओं हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्लास्टिक प्रोडक्ट मैनुफैक्चरिंग टेक्नीक्स विषय पर रखा गया है। अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण प्रकोष्ठ) सुमित सिंह के विशेष सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 33 बच्चों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत इन प्रशिक्षणार्थियों को सिपेट, कोरबा की ओर से प्रतिभागी प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। इसी कड़ी में गुरूवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## राज्य की 15 कोयला खदानें नीलामी में शामिल

# जिले के पांच कोयला ब्लॉक के लिए दोबारा शुरू की गई नीलामी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय ने कमर्शियल कोल माइनिंग के तहत 14वें दौर की कोयला खदान नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस चरण में 7 राज्यों की कुल 41 खदानें शामिल हैं, जिनमें से 15 कोयला खदानें छत्तीसगढ़ की बताई जा रही हैं। इनमें से 5 कोल ब्लॉक कोरबा जिले में स्थित हैं।

इन पांच खदानों में 12 हजार 725 मिलियन टन से अधिक कोयले का रिजर्व भंडार बताया गया है। कोल ब्लॉक ऑक्शन 2025 की प्रक्रिया का शुभारंभ केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस चरण में कोरबा और करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पांच कोल ब्लॉक तौलीपाली, बताती, कोल्गा वेस्ट, मदवानी, करतला साउथ और कलगामार शामिल किए गए हैं। इसके पहले भी केंद्र सरकार ने करतला कोल ब्लॉक को नीलाम करने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय विरोध के कारण कोई निवेशक आगे नहीं आया था। अब दूसरी बार इन ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है। जिले में चिन्हित सभी कोल ब्लॉक घने जंगलों से घिरे क्षेत्र में हैं। यह क्षेत्र कोरबा की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरणीय संतुलन के लिए बेहद अहम माना जाता है। यहां के जंगल ऊर्जाधानी कोरबा के औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले प्रदूषण को संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नीलामी में शामिल सभी 5 कोल ब्लॉक मांड रायगढ़ कोलफील्ड्स के अंतर्गत आते हैं। तौलीपाली, करतला साउथ और बताती-कोल्गा वेस्ट पूरी तरह कोरबा जिले में हैं। जबकि कलगामार और मदवानी कोल ब्लॉक कोरबा और रायगढ़ की सीमाओं पर फैले हैं।


फाइल फोटो

### स्थानीय विरोध और पर्यावरणीय चिंता

जिले में स्थित कोल ब्लॉकों के पिछली नीलामी के दौरान स्थानीय लोगों ने करतला कोल ब्लॉक का विरोध किया था। ग्रामीणों का कहना है कि नई खदानें खुलने से खेती योग्य जमीन, जलस्रोत और वन्य जीवन प्रभावित होगा। इस बार नीलामी की प्रक्रिया में सरकार ने स्थानीय सहमति और पर्यावरण मूल्यांकन को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया है।

### खदानों का विस्तृत विवरण

| कोल ब्लॉक (मिलियन टन) | क्षेत्रफल (वर्ग किमी) | कोयला भंडार |
|---|---|---|
| तौलीपाली | 42.50 | 4320 |
| बताती-कोल्गा वेस्ट | 39.37 | 1145.86 |
| मदवानी | 53.81 | 2750 |
| करतला साउथ | 36.40 | 1160 |
| कलगामार | 53.81 | 3350 |

कुल अनुमानित भंडार 12 हजार 725 मिलियन टन से अधिक

### हाथियों और अन्य वन्य प्राणियों का आवास क्षेत्र

चिन्हित खदानों का क्षेत्र हाथियों के प्राकृतिक गलियारे अंतर्गत आता है। यहां से हाथियों के झुंड कोरबा से धरमजयगढ़ के बीच नियमित रूप से आवाजाही करते रहते हैं। इसके अलावा इस क्षेत्र में किंग कोबरा, भालू, सियार और अन्य जंगली जीवों की प्रजातियां पाई जाती हैं। स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि कोयला खदानों के खुलने से वन्य प्राणियों और पारिस्थितिकी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

## पेंशन योजनाओं के शेष बचे हितग्राहियों का सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने निगम के समस्त जोन उप प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे अपने जोन के अंतर्गत ऐसे शेष बचे सभी पेंशन हितग्राहियों, जिनका सत्यापन अभी तक नहीं किया जा सका है, का वार्षिक सत्यापन शीघ्र पूर्ण कराएं ताकि पेंशन हितग्राहियों को नियमित पेंशन की प्राप्ति में किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न होने पाएं।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के पेंशन हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप के माध्यम से किए जाने के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत हितग्राहियों का सत्यापन कार्य निगम के सभी जोन में आयोजित शिविरों के माध्यम से कराया गया था, किन्तु कुछ हितग्राहियों का सत्यापन कार्य किया जाना अभी भी शेष है। शत प्रतिशत हितग्राहियों का सत्यापन कार्य सुनिश्चित किए जाने के मद्देनजर अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने समस्त जोन उप प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे अपने क्षेत्रांतर्गत इसके लिए पुनः मुनादी कराएं तथा हितग्राहियों को उनके आधार कार्ड व मोबाईल नम्बर के साथ उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए सत्यापन का कार्य पूरा कराएं ताकि हितग्राहियों को नियमित पेंशन प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या पैदा न हों तथा उन्हें नियमित रूप से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित हो सके। वहीं हितग्राहियों से आग्रह किया गया कि वे वार्षिक सत्यापन कार्य में सहयोग करें तथा अनिवार्य रूप से अपना सतयापन करा लें ताकि उन्हें नियमित पेंशन प्राप्त होने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**बालको।** ग्राम बेलाकछार बालको नगर में एकादशी तुलसी विवाह के अवसर पर राम मंदिर दुर्गा मंदिर परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली कार्यक्रम 14 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 108 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1501 रुपया, द्वितीय पुरस्कार 1001, तृतीय पुरस्कार 501 रुपए दिया गया। इसके अलावा सभी बच्चों को संत्वाना पुरस्कार में 2 सौ रुपए दिया गया।

## माईन क्लोजर प्लान के तहत महिलाओं को दिया जा रहा मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत बांकी उपक्षेत्र के द्वारा अपनी माईन क्लोजर प्लान के तहत बांकी बस्ती सामुदायिक भवन में 6 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर 26अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक का सफल आयोजन किया गया। यह पहल खदान बंद होने से प्रभावित होने वाले स्थानीय समुदाय, स्वयं सहायता समूहों और बेरोजगार युवाओं को आजीविका के वैकल्पिक साधन प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई है। प्रशिक्षण शिविर में बांकी बस्ती, 2 न. दफाई, पुरैना, पौसरा, जंगल साइड, अरदा, भेजिनारा, कुचेना, हरदी, कृष्णा नगर, बेलटिकरी, नराईबोध, भैरोताल के 17 महिला स्वयं समूह और बेरोजगार सहित 93 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया शामिल होने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**खास बात**

- पएसईसीएल बांकी कोरबा क्षेत्र द्वारा खदान प्रभावितों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल


मशरूम प्रशिक्षण लेती महिलाएं।

शिविर के समापन के अवसर पर एसईसीएल बांकी सुराकछार, बलगी उपक्षेत्रीय प्रबंधक देवेंद्र मेश्राम ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए खदान बंद होने के उपरांत क्षेत्र में रोजगार सृजन, पर्यावरण सरंक्षण और सुरक्षा इत्यादि पर कोल इंडिया के प्रावधानों पर जानकारी दी। उन्होंने प्रभावित ग्रामो में माईन क्लोजर प्लान में उल्लेखित सुविधाओं का सुगमता के साथ ग्रामवासियों को लाभ दिलाने की प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि करने और आजीविका संवर्धन के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कम लागत में ज्यादा मुनाफा के लिए मशरूम उत्पादन अच्छा विकल्प है। इस अवसर पर ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने अर्जित भूमि को मूल किसानों को हस्तांतरित करने के लिए कोल बेयरिंग एक्ट में संशोधन करने और कृषि व व्यवसायिक उन्नय्यन के लिए राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी उन्होंने माइन क्लोजर प्लान की विस्तृत चर्चा के लिए और जनसमुदाय के भावनाओ पर जनसुनवाई कराने पर भी जोर दिया। वार्ड पार्षद शिवरतन सिंह कंवर ने कोयला खदान के कारण उत्पन्न समस्याओं का जिक्र करते हुए प्रभावित ग्रामों में सुविधाओ के विस्तार के लिए पहल करने के लिए एसईसीएल को व्यापक उपाय करने की मांग किया। कृषि वैज्ञानिक दिनेश कुमार ने 6 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के दौरान सैद्धान्तिक व प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया और इसे व्यवसायिक तौर पर उत्पादन करने के लिए आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर एसईसीएल कोरबा के सीएसआर प्रबंधक श्रीमती रश्मि कला तिर्की की सुपरविजन में पूर्ण करायी गयी और प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू यादव, बजरंग दास, संतोष चौहान, रुद्र दास महंत, लीला साहू रविंद्र जगत, ललित महिलांगे ने सहयोग प्रदान किया।

## देवउठनी एकादशी पर शालिग्राम और तुलसी विवाह की निभाई परंपरा


तुलसी विवाह के दौरान पूजा अर्चना करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर और उपनगर क्षेत्र में कार्तिक शुक्ल एकादशी के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

एकादशी पर सभी हिंदू घरों में तुलसी चौरा को विशेष रूप से सजाया गया था। यहां भव्य मंडप बनाकर तुलसी माता की प्रतिमा का श्रृंगार किया गया और तुलसी-विवाह की पारंपरिक रस्म पूरी की गई। श्रद्धालुओं ने तुलसी और शालिग्राम के विवाह की परंपरा निभाते हुए विधि-विधान से पूजा की। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ व्रत रखकर प्रबोधिनी एकादशी कथा का श्रवण किया और धर्म की शिक्षा को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। पूजा के बाद शाम होते ही शहर का माहौल उत्सव में बदल गया। देवउठनी एकादशी पर कोरबा और आसपास के क्षेत्रों में जमकर आतिशबाजी की गई। विवाह की खुशी में लोगों ने दीप जलाए और घरों को सजाया। रात भर आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से नहाता रहा। ज्योतिष आचार्य पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी ने बताया कि देवउठनी एकादशी के साथ ही चार माह से चल रहा चातुर्मास समाप्त हो गया है। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा धार्मिक प्रतिबंध हट गया है। अब विवाह, गृहप्रवेश, मुंडन, नामकरण जैसे शुभ कार्यों की शुरुआत पुनः हो सकेगी। आचार्य द्विवेदी ने कहा कि देवउठनी एकादशी भगवान विष्णु के शयन से जागने का पर्व है। इसी दिन से संसार में पुनः शुभता और मंगल कार्यों की शुरुआत मानी जाती है। शहर के विभिन्न मंदिरों—राम मंदिर, हनुमान मंदिर, और लक्ष्मीनारायण मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ के साथ भजन-कीर्तन और दीपदान किया।

## गौधाम कनबेरी में भव्य रूप से गोपाष्टमी पर्व का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा कोरबा के द्वारा संचालित श्री अग्रसेन गौ सेवा समिति के द्वारा गोधाम कनबेरी में भव्य रूप से गोपाष्टमी पर्व मनाया गया। श्री अग्रसेन गौधाम कनबेरी में आयोजित कार्यक्रम में सुबह से ही गो गोपाल मंदिर में गोमाता की पूजा अर्चना व हवन का कार्यक्रम अयोजित हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेम चन्द पटेल व विशिष्ट अतिथि में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजीव सिंह व कार्यक्रम अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष गोपाल मोदी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा गो गोपाल मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना कि गई। इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में माता माधवी देवी गौ सेवा समिति के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल ने कहा कि यह लगभग 7सौ से अधिक गौमाता है हमारे द्वारा गौ माता की सेवा में अनेकों प्रयास किये जा रहे है उनके स्वस्थ्य, भोजन, साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम को अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, राजीव सिंह, गोपाल मोदी, मुख्य अतिथि प्रेमचन्द पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार व्यवहार, धोखाधड़ी, शोषण से बचाने एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने ब्लॉक के ग्राम चूइयां एवं इमलीछापर में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस दौरान आयोग की अध्यक्षा रंजना दत्ता, एवं सदस्य पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों से अवगत कराया। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा प्रत्येक माह ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 अक्टूबर को कोरबा विकासखण्ड के ग्राम चूइयां एवं इमलीछापर में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयोग की अध्यक्षा रंजना दत्ता एवं सदस्य पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ई फाइलिंग, ई हियरिंग सहित उपभोक्ता कानूनों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ता घर बैठे ही ई फाइलिंग एवं ई हियरिंग के माध्यम से शिकायत दर्ज कर अपना पक्ष रख सकते हैं। शिविर में उपभोक्ताओं को शुल्क अनुचित व्यापार प्रथा सहित बैंक, बीमा, फसल बीमा, बैंक फ्रॉड, फायनेंस आनलाइन खरीददारी सहित अन्य क्षेत्रों के संबंध में उपभोक्ताओं को शासन द्वारा दिए गए अधिकार के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई, आयोग के डाटा एण्ट्री ऑपरेटर मनीराम श्रीवास द्वारा भी उपभोक्ता कानूनों के संबंध में जानकारी दी। गांव के सरपंच व अन्य नागरिकों द्वारा भी ग्रामीणों से उपभोक्ता आयोग द्वारा आयोजित शिविर का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर आयोग के कर्मचारीगण नजीर रामनायायण पटेल, राजेश्वर इंग्ले, नूतन राजपूत, गांव के पंच, मितानिन, जनपद सदस्य, कोटवार, वरिष्ठ नागरिक,बालकों थाना में पदस्थ पुलिस कर्मी सहित सैकड़ों महिलाएं व आम नागरिक उपस्थित रहे।




## पृष्ठ 1 का शेष

### मासूम के सीने...

के आधार पर बताया कि शिवम के सीने में सिक्का फंसा है, जिससे उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है। अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा कि यहां इसका इलाज संभव नहीं है और बच्चे की हालत गंभीर है, इसलिए उसे किसी दूसरे अस्पताल ले जाया जाए। परिजन शिवम को एक निजी अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अगर समय रहते उचित उपचार उपलब्ध होता तो शायद बच्चे की जान बचाई जा सकती थी।

## श्री सप्तदेव मंदिर में मनाया गया माँ श्री राणी सती दादी का जन्मोत्सव एवं आंवला नवमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सप्तदेव मंदिर में माँ श्री राणी सती दादी का जन्मोत्सव एवं आंवला नवमी का पावन पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिन दोपहर 12 बजे श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल के द्वारा आंवला वृक्ष के नीचे विधिवत पूजा-अर्चना कर ब्राह्मण भोज कराया तथा उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया तत्पश्चात मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी एवं महिला मंडल की उपस्थिति में मां श्री राणी सती दादी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दिन मंदिर में दादी जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक श्रीमती मोनिका अग्रवाल एंड पार्टी के द्वारा मॉ श्री राणीसती दादी का मधुर एवं मनमोहक संगीतमय मंगलपाठ किया गया। जिसमे उपस्थित मंगलपाठी बहनों ने पारंपरिक परिधान धारण कर एक लय और एक राग में मंगलपाठ कर भक्तिरस से वातावरण को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात भगवान की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया।

## दुबई में अजय ने बिजनेस पिक्सेल ग्लोबल का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


डॉ.अजय शेष।

पैथोलोजिस्ट और उद्यमी डॉ. अजय शेष ने दुबई में अपनी नई अंतर्राष्ट्रीय पहल बिजनेस पिक्सेल ग्लोबल का शुभारंभ किया है। यह पहल भारत में उनके सफल उद्यम लाइफ चैंपियंस इकोसिस्टम का वैश्विक विस्तार है, जो भारतीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सशक्त बनता है। डॉ. शेष की इस असाधारण उपलब्धि का का अनावरण दुबई में सक्षम समिट के माध्यम से हो रहा है। यह शिखर सम्मेलन भारतीय लीडरशिप और उद्यमिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को विस्तार देगा। छोटे शहरों के काबिल व कर्मठ युवाओ को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद करेगा। डॉ. शेष के नाम कई गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी दर्ज हैं, जिनमें सबसे लंबी मैराथन स्पीच का कीर्तिमान प्रमुख है। उनका यह रिकॉर्ड उनकी मानसिक दृढ़ता और असाधारण वक्तित्व क्षमता का प्रमाण है। इसके अलावा, उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सबसे लंबी साइकिल रैली आयोजित करने का गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया है। उनकी ये उपलब्धियां उन्हें सचमुच में एक अंतर्राष्ट्रीय आइकन बनाती है। दुबई में डॉ. अजय शेष का बिजनेस पिक्सेल ग्लोबल दर्शाता है कि हमारे शहर की छुपी हुई प्रतिभा और क्षमता पर हम गर्व करें। ताकि युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके कि मेहनत और सकारात्मक सोच से वैश्विक उपलब्धियां हासिल की जा सकतीं है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### पांच कुंडीय महायज्ञ एवं हसदेव महाआरती शुरु

**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा आयोजित 5 कुण्डीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं हसदेव महाआरती का शुभारंभ शनिवार की सुबह वैदिक रीति से हुआ। सुबह 9 बजे से कलश शोभायात्रा के साथ शुरु हुआ। कलश शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किये हुए थे। यात्रा श्री शिवमंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मां सर्वमंगला घाट पहुँची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना एवं ज्योत प्रज्वलन कर पूजन-हवन प्रारंभ हुआ। 2 नवम्बर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक वैदिक पूजन और यज्ञ का क्रम जारी रहेगा। इसी तरह 3 नवम्बर को सुबह वैदिक शुभ यज्ञ और हवन, दोपहर में सत्संग कार्यक्रम तथा शाम को दीपदान किया जाएगा। 4 नवम्बर को प्रातः 9 बजे वेदी पूजन एवं हवन का कार्यक्रम रखा गया है। 5 नवम्बर को कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रातः 9 बजे हवन पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा एवं आरती विसर्जन का कार्यक्रम रखा गया है एवं शाम 5 बजे हसदेव महाआरती की जाएगी।

### छात्राओं को किया गया निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण



**कोरबा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुमेधा में कक्षा नवमी की 23 छात्राओं को योजना के तहत वार्ड 55 के पार्षद किशन केवट के मुख्य आतिथ्य में निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साइकिल मिलने पर छात्राओं में उत्साह देखा गया। मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद किशन ने विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्राओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना भाजपा सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राएं अब समय पर विद्यालय पहुँच पा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष व वार्ड क्र 55 के पार्षद किशन के साथ हुलसी प्रजापति, सुरेन्द्र प्रजापति अनिल गिरी, लखन सिंह, अभय कुर्रे, गीता मुंवर, हीरा पटेल, संस्था प्रमुख सौरभ जकारिया, प्राचार्य, समस्त व्यवस्थापक एवं स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एसईसीएल कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मियों को शुक्रवार को मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने निदेशक (वित्त) डी.सुनील कुमार एवं विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रम संघ प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में नवनीत श्रीवास्तव महाप्रबंधक (खनन) मानव संसाधन विभाग, चंद्र कुमार पाठक महाप्रबंधक (सिविल) सिविल विभाग, जयंत कविराज वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) सिविल विभाग, तापस कुमार सरकारकार्यालय अधीक्षक विक्रय विपणन विभाग, श्रीमती संगीता तिवारी कार्यालय अधीक्षक एनईई विभाग, कुमार रॉयचौधरी सुपरवाईजर ईएंडटी विभाग शामिल रहे।

### सड़क हादसे में कार सवार चार लोग घायल, अस्पताल दाखिल

# एनएच पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, एक की मौत



दुर्घटनाकारित कार व घटना स्थल पर एकत्रित भीड़।



अस्पताल में दाखिल घायल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुतर्रा के पास एनएच 31 पर एक तेज रफ्तार बलेनो कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे कार में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। सड़क हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुतर्रा के समीप एनएच 31 में लगा डिवाइडर लगातार हादसों का कारण बनते जा रहा है। डिवाइडर की वजह से कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं। शनिवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग खैरागढ़ से अंबिकापुर जा रहे थे। मृतक की पहचान विजय वर्मा 29 वर्ष पिता केदार वर्मा निवासी भवनी जिला खैरागढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विजय की शादी को मात्र एक साल ही हुआ था और शादी की पहली सालगिरह से ठीक पहले ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में घायल लोगों की पहचान तिलेश्वर वर्मा 32 वर्ष, निवासी भवनी (खैरागढ़), मकुंदी वर्मा 49 वर्ष, अशोक वर्मा 35 वर्ष निवासी जामुल भिलाई और संजय वर्मा 35 वर्ष निवासी बोईरडीह के रूप में हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तिलेश्वर की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा कटघोरा थाना क्षेत्र के सुतर्रा के पास बिलासपुर-कटघोरा एनएच 31 पर हुआ। बताया जा रहा है कि जहां यह दुर्घटना हुई, वहां डिवाइडर के कारण सड़क बंद है और इसी स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लगातार दुर्घटनाओं को देखते हुए यातायात पुलिस ने एनएच और नाका प्रबंधन को डिवाइडर हटाने के लिए पत्राचार किया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई। फिलहाल घटना की सूचना पर कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई में जुट गई है। वहीं मृतक और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# आधी रात बंधक बनाकर मामा-भांजे की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टायर फैक्ट्री में सेल्समैन का काम करने वाले पर चोरी करवाने का इल्जाम लगाकर मारपीट करने और बंधक बनाने का मामला सामने आया है। फैक्ट्री के मालिक और अन्य लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

प्रार्थी इमरान भारती पिता कुद्दुस उम्र 32 वर्ष निवासी कुंआभट्ठा टायर की खरीदी बिक्री का काम करता है। पीड़ति ने सिविल लाइन थाना रामपुर में शिकायत दर्ज करायी है कि अंकुश आग्रवाल का टायर का फैक्ट्री सलोरा में स्थित है, जहां वह टायर की सप्लाई का कार्य करता है। उसके द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक 27 अक्टूबर की रात्रि 11 बजे कॉल करके अंकुश अग्रवाल के द्वारा उस पर टायर चोरी का आरोप लगाया गया। उसके बाद 28 अक्टूबर को रात्रि लगभग 1.30 बजे इमरान के व्हाट्सअप ग्रुप में अंकुश अग्रवाल द्वारा मैसेज किया गया कि मेरे ऑफिस में आओ और अपने आपको सही साबित करो कि आपने टायर चोरी नहीं करवाया है। अंकुश अग्रवाल ने मैसेज कर कहा कि चांद, नसीम, राजा, सब लोग ऑफिस में आओ और अपने आपको सही साबित करो कि आपने टायर चोरी नहीं करवाया है और सब अगर ऑफिस में नहीं आये तो तुम्हारा बचा हुआ पैसा नहीं मिलेगा। इसके पश्चात आरिफ जो कि टायर का कार्य करता है उसका फोन आया और उसने कहा कि, अंकुश भैया कोसाबाड़ी, इंडस्ट्रीरियल एरिया वाले ऑफिस में बुला रहे हैं। फिर प्रार्थी अपने भांजा राजा को लेकर कोसाबाड़ी इंडस्ट्रीरियल एरिया अंकुश अग्रवाल के ऑफिस पहुंचा तो पहुंचते ही अंकुश अग्रवाल और उसके अन्य साथी लोग मारपीट, गाली-गलौच करने लगे और इमरान पर यह आरोप लगाने लगे कि सलोरा फैक्ट्री से टायर की चोरी होती थी। इस बात की जानकारी तुमको थी और तुम लोगों ने मुझे नहीं बताया जिससे लाखों का नुकसान हुआ है, अब मैं तुम्हारा पैसा नहीं दूँगा। ऐसा कहते हुए लगभग 2 घंटा तक इमरान व उसके भांजा राजा के साथ बंधक बनाकर मारपीट की गई, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। इस दौरान इमरान के पास रखे हुए 4 हजार 900 रूपये को भी अंकुश अग्रवाल के साथ मारपीट करने वाला युवक इमरान के जेब से निकाल लिया गया एवं जबरन और मारने की धमकी देते हुए मोबाईल में वीडियो बनाकर जबरदस्ती कबूल करवाया गया कि पिछली जितनी भी चोरी हुई है, उसका हर्जाना भरने की धमकी दी गई। इमरान के मुताबिक उसने डरकर बयान दिया।

# कोयला कामगारों को कोल इंडिया का तोहफा, महंगाई भत्ते में होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साल का अंतिम माह दिसंबर कोयला कर्मियों के लिए अच्छी खबर लेकर आ रहा है। नॉन एक्जीक्यूटिव (गैर कार्यकारी) कर्मचारियों का परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) 2.4 में प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। इस वृद्धि से वीडीए 21.2 प्रतिशत से बढ़कर 23.6 प्रतिशत हो जाएगा। भुगतान अवधि 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 के लिए होगी। हर तीन महीने में कामगारों के वीडीए में संशोधन किया जाता है। दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 की अगली तिमाही में कोयला कामगारों को 23.6 फीसदी परिवर्तनशील महंगाई भत्ता मिलेगा। यह 1 दिसंबर 2025 से प्रभावी होगा। इसका आदेश कोल इंडिया से जारी किया जा रहा है है। पिछले तिमाही से 2.4 फीसदी महंगाई भत्ता में वृद्धि हुई है। इससे कोयला कर्मियों के वेतन में न्यूनतम 740 रुपए से लेकर अधिकतम साढ़े चार हजार रुपए तक की वृद्धि प्रतिमाह होगी। करीब सवा दो लाख कोयला कामगारों को लाभ मिलेगा। कोल इंडिया के गैर-कार्यकारी (नॉन-एक्जीक्यूटिव) कर्मचारियों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) हर तीन महीने में संशोधित किया जाता है। यह अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआाईसीपीआई) से जुड़ा होता है।

# एसईसीएल मुख्यालय में मनाया गया कोल इंडिया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल मुख्यालय में शनिवार को 51वां कोल इंडिया स्थापना दिवस एवं 25वां छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम का मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक तकनीकी योजना एवं परियोजना एन फ्रैंकलिन जयकुमार और विशिष्ट अतिथि निदेशक वित्त डी. सुनील कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रमसंघ प्रतिनिधि, महिला कर्मचारी और बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। एन फ्रैंकलिन जयकुमार ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ राज्य की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोल इंडिया ने अपने स्थापना काल से ही देश को ऊर्जा आपूर्ति में अहम भूमिका निभाई है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने सरल



और कर्मठ निवासियों के बल पर बहुआयामी विकास की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में एसईसीएल का योगदान उल्लेखनीय है। गेवरा और कुसमुंडा जैसी विश्व की प्रमुख खदानें इसी धरती पर स्थित हैं, जो छत्तीसगढ़ की अपार संभावनाओं का प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एसईसीएल न केवल कोयला उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में भी स्थानीय निवासियों के लिए अनेक सामाजिक कार्य कर रही है।

# छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जोहार छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के द्वारा अग्रवाल समाज के अग्रज महाराजा अग्रसेन भगवान की मूर्ति को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बीच दर्री जमनीपाली के अग्रवाल समाज के लोंगो ने नाराजगी जताई है और अमित बघेल के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग को लेकर दर्री थाना में ज्ञापन सौंपा गया।

**खास बातें**

- दर्री जमनीपाली अग्रवाल समाज ने दर्री पुलिस को सौंपा ज्ञापन
- अग्रवाल समाज के अग्रज महाराज की मूर्ति को लेकर की गई मर्यादित टिप्पणी का मामला




ज्ञापन सौंपते अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

समाज के अध्यक्ष प्रेमकुमार अग्रवाल ने कहा कि अमित बघेल के इस अपमान जनक बयान से प्रदेश भर में अग्रवाल और सिंधि समाज मे गहरी नाराजगी है। इस बयान से न केवल अग्रवाल व सिंधी समाज बल्कि पूरे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई है। उनका यह कथन धार्मिक अराजकता फैलाने और आपसी भाईचारा को समाप्त करने की साजिश का हिस्सा माना जा सकता है। सचिव मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाराज अग्रसेन भगवान प्रभु श्रीराम के 35वीं पीढ़ी के वंशज थे। ऐसे महान महापुरूषों के बारे मे कुछ भी बोलने से पहले हजार बार सोचना चाहिए। अमित बघेल ऐसे बयानबाजी कर विवादों की सुखियों में बने रहना चाहते हैं। हम हमारे अग्रज भगवान अग्रसेन पर अमर्यादित व अपमानजनक बयानबाजी बर्दास्त नहीं करेंगे। इसलिए आज हमने अमित बघेल के खिलाफ धार्मिक विश्वास का अपमान करके धार्मिक एवं सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण बयानबाजी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने के लिए दर्री थाना में ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बैजनाथ गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, प्रतिक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राकेश सिंघानिया, संजय पोद्दार सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झाड़ी में मिला नवजात शिशु, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में एक नवजात शिशु मिलने की खबर आग की तरह फैल गई। पूरा मामला ग्राम कसरेंगा का है। जहां उस उक्त हड़कंप मच गया जब नरेन्द्र यादव के बाड़ी में एक बच्चे की रोने की आवाज आने लगी, तब नरेन्द्र यादव की मम्मी को लगा की कुत्ते ने बच्चा दिया होगा, लेकिन रोने की आवाज लगातार आने लगी तब जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। नरेन्द्र के द्वारा सरपंच शिव गणेश को सूचना दिया गया। जिसके बाद तत्काल बांकीमोंगरा पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही बांकीमोंगरा पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात शिशु को अपने कब्जे में लेकर कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ नवजात शिशु का इलाज शुरू किया गया। वर्तमान में चिकित्सकों की टीम नवजात शिशु के उपचार में जुटी हुई है। मामले में कटघोरा बीएमओ रंजना तिर्की ने बताया कि उक्त शिशु का प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला मेडिकल कालेज रेफर किया जा रहा है। देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है की लोक लाज की डर से निर्मोही माँ ने नवजात शिशु को फेक दिया है। बीएमओ रंजना तिर्की ने बताया कि नवजात की स्थिति ठीक है शरीर पर चोट के निशान है कुछ काटने का भी निशान मिले हैं।

# विद्युत तार की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करंट की चपेट में आने से ठेका श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम सुदर्शन सिंह उर्फ कालू 35 वर्ष पिता स्व.करतार सिंह अटल आवास शारदा विहार का निवासी था, जो साई गोविंद कंपनी ठेका कंपनी में राताखार में कार्यरत था। जहां ठेकेदार ने अपने निजी काम से श्रमिक को अपने घर भेजा था। परिजनों ने पूरे मामले में ठेकेदार की लापरवाही बताई हैं, उन्होंने बताया कि सुखदर्शन कार्य के दौरान विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है, पुलिस की जांच जारी हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# आधार कार्ड एवं प्रमाण पत्रों में सुधार के लिए 10 दिन की डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एडमिशन के समय जिन कॉलेज स्टूडेंट्स के प्रमाण पत्रों एवं आधार पहचान पत्र में नाम अलग पाए गए थे, उन्हें वांछित सुधार कर जानकारी अपडेट करने महाविद्यालयों को 10 दिन का वक्त दिया गया है। इस अनिवार्य प्रक्रिया को पूर्ण कर जानकारी अपडेट करने के लिए कॉलेजों को 10 नवंबर की डेडलाइन दी गई है अन्यथा की स्थिति में संबंधित विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भर सकेंगे।

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध सभी महाविद्यालयों को एक पत्र जारी किया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि विश्वविद्यालय में प्रवेश पंजीयन के दौरान कुछ विद्यार्थियों के नाम की जानकारी शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड में भिन्न होने के कारण बिना एबीसी आईडी पंजीयन के संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा छात्रहित में तात्कालिक रूप से प्रवेश दे दिया गया। पर सभी स्टूडेंट्स के शैक्षिक दस्तावेज एवं आधार कार्ड के नाम में एकरूपता होना अनिवार्य है। इस विषय पर पूर्व में भी 30 सितंबर तक नाम में सुधार कर पोर्टल पर अपडेट कराए जाने निर्देशित किया गया था। परंतु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा सुधार कार्य नहीं करवाया गया है। चूंकि डिजीलॉकर पोर्टल पर विश्वविद्यालय में अध्ययन एवं उत्तीर्णसमस्त छात्रों की जानकारी दी गई समय सीमा 11 नवंबर में अनिवार्यत अपलोड किया जाना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन बिना सुधार किए समस्त छात्रों की जानकारी डिजीलाकर पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा सकता। ऐसे स्टूडेंट्स का विश्वविद्यालय पोर्टल पर नामांकन, परीक्षा फार्म व अन्य संबंधित कार्य ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नहीं किया जा सकता। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं संबद्ध महाविद्यालयों को 10 नवंबर तक संस्था स्तर पर यदि आवश्यक हो तो डाक घर या अधिकृत लोक सेवा केन्द्र से संपर्क स्थापित कर स्टूडेंट्स के नाम मे सुधार कार्य किया जाना अनिवार्यतः सुनिश्चित करने कहा गया है। चूंकि इसके लिए केन्द्र सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समीक्षा बैठक निरंतर आयोजित की जा रही है।







